भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 628
गुरूवार, 02 दिसम्बर, 2021/11 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'प्रसाद' योजना के अंतर्गत श्रीशैलम मंदिर का विकास

628. श्री वि. विजयसाई रेड्डीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 2017-18 में 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत आंध्र पदेश में श्रीशैलम मंदिर के विकास की मंजूरी दी गई थी और इस प्रयोजन के लिए मंत्रालय द्वारा 48 करोड़ रूपये की धनराशि भी संस्वीकृत की गई थी;

(ख) यदि हां, तो इस परिपथ का ब्यौरा क्या है;

(ग) मंत्रालय को आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्रस्ताव कब प्राप्त हुआ था;

(घ) उपर्युक्त प्रस्ताव पर मंत्रालय ने क्या कार्रवाई की है;

(ङ) क्या मंत्रालय ने अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर कोई और स्पष्टीकरण की मांग की है;

(च) यदि हां, तो सवालों का ब्यौरा क्या है और इस पर राज्य सरकार की क्या प्रतिक्रिया रही है; और

(छ) परियोजना को कब तक पूरा किया जाएगा?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (छ): जी हाँ, महोदय। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से अनुरोध प्राप्त होने पर पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत "श्रीशैलम मंदिर का विकास" परियोजना को 47.45 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत के साथ दिनांक 13.09.2017 को अनुमोदित किया गया था। परियोजना का भौतिक निष्पादन 43.08 करोड़ रूपये की अंतिम निष्पादित लागत के साथ वर्ष 2021 में पूरा हो चुका है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को दिनांक 28.10.2021 के स्वीकृति पत्र के माध्यम से सभी भुगतान जारी कर दिए गए हैं।

****